पुलिस अकादमी में उल्लास से मनाया गया 70वाँ स्वाधीनता दिवस

राजस्थान पुलिस अकादमी में 70वाँ स्वाधीनता दिवस पूर्ण हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अकादमी परिसर में शानदार सजावट की गई एवं अकादमी के प्रवेश द्वार एवं प्रमुख भवनों के सामने शानदार रंगोली सजाई गई। मुख्य समारोह श्री राजीव दासोत, निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी के आगमन से प्रातः 8:00 बजे शुरू हुआ। स्टेडियम पहुँचने पर उनका अकादमी के उप निदेशक एवं सहायक निदेशकगण द्वारा स्वागत किया गया। डाइस पर पहुँचने पर संचित निरीक्षक श्री ज्ञान सिंह के नेतृत्व में गणतन्त्र दिवस परेड द्वारा राष्ट्रीय सेल्यूट से अभिवादन किया गया। **निदेशक महोदय द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के पश्चात् अकादमी के बैण्ड द्वारा राष्ट्रगान वादन किया गया।** राष्ट्रगान वादन के दौरान सभी उपस्थित वर्दीधारियों ने भी सेल्यूट कर राष्ट्रगान के प्रति सम्मान अभिव्यक्त किया।

इस अवसर पर अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने सभी उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों, आवासीय परिसर के निवासियों तथा अकादमी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ एवं बच्चों को 70वें स्वाधीनता दिवस की बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर देश के लिए शहीद होने वाले लोगों को कोटिशः नमन करते हुए आजादी के मूल्यों को सहेज कर रखने का आह्वान किया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस की आचार संहिता को अपनाने के साथ ही राजस्थान पुलिस का ध्येय वाक्य **'आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में डर'** को चरितार्थ करने पर बल दिया। उन्होंने राजस्थान पुलिस अकादमी की गणना देश की श्रेष्ठ छः अकादमियों में होने के लिए सभी पूर्व निदेशकों तथा प्रशिक्षकों को अकादमी को इस स्तर पर पहुँचाने का श्रेय देते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों को अकादमी को ओर अधिक उत्कृष्टता प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता की कोई सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है। प्रत्येक उत्कृष्ट वस्तु में भी ओर अधिक सुधार की संभावना हमेशा रहती है। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने देश के सम्मुख विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए सभी को अपनी पूर्ण ऊर्जा एवं क्षमता के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा प्रशिक्षण में ओर अधिक गुणवत्ता लाने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर अकादमी में सभी कर्मचारियों एवं स्कूल की छात्र -छात्राओं को मिठाई वितरित की गयी। इसके पश्चात् अकादमी में प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं के बीच **रस्सा कसी एवं फुटबाल मैच** का आयोजन किया गया। रस्सा कसी की तीनों प्रतियोगिताएं जहाँ प्रशिक्षकों ने जीती, वहीं फुटबाल मैच 0-3 के मुकाबले प्रशिक्षुओं के पक्ष में रहा।

अकादमी में सांय 4:00 बजे **सांस्कृतिक संध्या** का आयोजन किया गया। अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत एवं उनकी धर्मपत्नी के साथ ही अकादमी के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा आवासीय परिसर के निवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में देशभक्ति से सरोबार विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम गणेश वन्दना से शुरू हुआ जिसमें आधुनिक एवं पुराने देशभक्ति गीतों के साथ ही नृत्य में भी नूतन एवं पुराने शैली का फ्यूजन था। समारोह के अन्त में निदेशक महोदय द्वारा **रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता** के विजेताओं को पुरस्कार देने के साथ ही सांस्कृतिक संध्या में कोरियोग्राफर के रूप में कार्य करने वाले कलाकारों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने शानदार सांस्कृतिक संध्या के आयोजन के लिए डॉ0 अनुकृति उज्जैनियाँ एवं उनकी टीम को बधाई दी।